मीठे रस से भरी रे, राधा रानी लागे,

मीठे रस से भरी रे, राधा रानी लागे,
मने कारो कारो जमुनाजी रो पानी लागे |

यमुनाजी तो कारी कारी राधा गोरी गोरी |
वृन्दावन में धूम मचावे बरसाना कि छोरी |
व्रज्धाम राधाजी की राजरानी लागे ||राजरानी लागे

कान्हा नित मुरली मे तेरे सुनरे बारम बार |
कोटिन रूप धरे मनमोहन, तऊ ना पावे पार |
रूप रंग की छबीली पटरानी लागे ||पटरानी लागे

ना भावे मने माखन-मिसरी, अब ना कोई मिठाई |
मारी जीबड़या ने भावे अब तो नाम मलाई |
वृषभानु की लाली तो गुड़धानी लागे ||गुड़धानी लागे

राधा राधा नाम रटत है जो नर आठों नाम |
तिनकी बाधा दूर करत है राधा राधा नाम |
राधा नाम मे सफल ए जिंदगानी लागे ||जिंदगानी लागे

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1834/title/mithe-rass-se-bari-re-radha-rani-lage-mne-karo-karo-yamuna-ro-pani-lago

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |